महाराष्ट्र में हुई 25वीं राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बना हरियाणा

कुरुक्षेत्र | महाराष्ट्र में हुई 25वीं में राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का विजेता बना हरियाणा।

भास्कर न्यूज़ | पिहोवा

महाराष्ट्र में हुई 25वीं राष्ट्रीय रोड साइकिल प्रतियोगिता प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी हासिल की है। विजेता खिलाड़ियों के दल ने खेल मंत्री संदीप सिंह से मुलाकात की। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा में सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार की खेल नीति से उत्साहित खिलाड़ी दोगुनी मेहनत के साथ बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं जिससे हरियाणा का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभर कर सामने आ रहा है। इस जीत को लगातार बरकरार रखना है। एसोसिएशन के प्रदेश सचिव नीरज तंवर ने बताया कि खेल मंत्री संदीप सिंह साइकलिंग एसोसिएशन के उपप्रधान हैं और उनके मार्गदर्शन में 25वीं राष्ट्रीय रोड साइकिल प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने छह गोल्ड, सात सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं। उद्योगपति पार्थ जिंदल मैनेजर, प्रवीण कुमार और कोच पंजाब सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश के 43 खिलाड़ियों ने आयोजन में हिस्सा लिया जिसमें 30 लड़के और 13 लड़कियां शामिल रहीं। खिलाड़ियों ने जूनियर, सब जूनियर और सीनियर सभी वर्गों में ओवरऑ[ल] चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया।

सब जूनियर हॉकी नेशनल के लिए हरियाणा व अरुणाचल प्रदेश की टीमों ने किया अभ्यास

कुरुक्षेत्र | हॉकी एसोसिएशन की ओर से उचाना में 17 से 25 मार्च तक सब जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम के साथ-साथ पूरे देश की टीम हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश की हॉकी टीम के प्रशिक्षक शिव कुमार सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में पहुंची है और कुरुक्षेत्र में खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रभारी एवं हॉकी के प्रशिक्षक गुरविंद्र सिंह व हॉकी कोच सोहन लाल ने अरुणाचल प्रदेश की टीम के प्रशिक्षक शिव कुमार सैनी, मैनेजर एवं हॉकी अरुणाचल प्रदेश एसोसिएशन के महासचिव सोनम तेजिंग सहित खिलाड़ियों का स्वागत किया। गुरविंद्र सिंह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र में 17 से 25 मार्च को उचाना में होने वाली नेशनल हाकी प्रतियोगिता को लेकर अभ्यास किया और हरियाणा की हॉकी टीम के साथ अभ्यास मैच भी खेला। शिव कुमार सैनी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की टीम लगभग 30 वर्षों के बाद हरियाणा में राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आई है।